**NEWS CLIPPING: 18.08.2020**

## THE TRIBUNE

# CAMPAIGN ON ENVIRONMENT BEGINS

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has launched a "one week for nation" campaign on a mission to support, protect, and nurture the environment. The campaign is being carried out by Vasundhara, the environment society of the university in collaboration with the Unnat Bharat Abhiyan cell. The campaign was inaugurated by Vice-Chancellor Dinesh Kumar by planting a sapling of fruit-bearing plants on the campus. He said such activities were required at regular intervals to cultivate a sense of belongingness with nature and environment among students so that they could make an eco-friendly lifestyle as part of their lives. Detailing about the campaign, the chairperson of environmental sciences Dr Renuka Gupta said various online activities had been lined up with the theme "My Earth, my environment" which included plantation drive and selfie contest "Nurture your plant", wherein students and faculty members would have to plant a sapling and share his or her selfie with the plant.

The Tribune Tue, 18 August 2020
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 18.08.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने पर्यावरण जागरूकता के लिए शुरू किया अभियान

फरीदाबाद, 17 अगस्त (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए की जा रही पहल के अंतर्गत 'एक सप्ताह राष्ट्र के लिए' अभियान की शुरूआत की। पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों पर आधारित इस अभियान को विश्वविद्यालय की पर्यावरण सोसाइटी वसुंधरा द्वारा उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कैंपस में फलदार पौधा लगाकर किया। पौधरोपण गतिविधि में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग के अलावा विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भी हिस्सा लिया और पेड़ के रूप में विकसित होने तक पौधे की देखभाल करने का संकल्प लिया। पर्यावरण सोसाइटी वसुंधरा और



*पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

पर्यावरण विज्ञान संकाय के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के साथ विद्यार्थियों में जुड़ाव पैदा करने के लिए नियमित अंतराल पर ऐसी गतिविधियों की आवश्यकता है ताकि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन के हिस्से के रूप में लेते हुए जीवन शैली में बदलाव लाए। डॉ रेनूका गुप्ता ने कहा कि अभियान के तहत पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में युवा पीढी को जागरूक करने के उद्देश्य से गतिविधियों की योजना बनाई गई है ताकि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान करने के लिए खुद को समर्पित कर सकें। अगर हम युवाओं को यह प्रण लेने के लिए प्रेरित करें कि वे अपनी आने वाली पीढ़ी को विरासत के रूप में एक पेड देंगे, तो यह निश्चित रूप से एक बड़ा योगदान होगा।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Tue,18 August 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 18.08.2020**

**THE PIONEER**

# पर्यावरण जागरुकता को अभियान शुरू

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए की जा रही पहल के अंतर्गत 'एक सप्ताह राष्ट्र के लिए' अभियान की शुरूआत की। पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों पर आधारित इस अभियान को विश्वविद्यालय की पर्यावरण सोसाइटी वसुंधरा द्वारा उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। पौधारोपण गतिविधि में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग के अलावा विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भी हिस्सा लिया और पेड़ के रूप में विकसित होने तक पौधे की देखभाल करने का संकल्प लिया। पर्यावरण सोसाइटी वसुंधरा और पर्यावरण विज्ञान संकाय के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के साथ विद्यार्थियों में जुड़ाव पैदा करने के लिए नियमित अंतराल पर ऐसी गतिविधियों की आवश्यकता है ताकि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन के हिस्से के रूप में लेते हुए जीवन शैली में बदलाव लाये।

**NEWS CLIPPING: 18.08.2020**

## THE PIONEER

# 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' पर कार्यक्रम शुरू

**फरीदाबाद।** क्लाउड कंप्यूटिंग अवधारणाओं की समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागों द्वारा संयुक्त रूप से 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' पर एक सप्ताह का टीईक्यूआईपी प्रयोजित ऑनलाइन मूल्य वर्धित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रो. मनोज सिंह गौड ने किया, जोकि उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सपना गंभीर और डॉ. पारुल तोमर द्वारा किया जा रहा है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 18.08.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# पर्यावरण जागरूकता के लिए शुरू किया अभियान




■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए 'एक सप्ताह राष्ट्र के लिए' अभियान शुरू किया है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों पर आधारित इस अभियान को यूनिवर्सिटी की पर्यावरण सोसायटी वसुंधरा की तरफ से उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कैंपस में फलदार पौधे लगाकर किया। अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए पर्यावरण विज्ञान की अध्यक्षा डॉ. रेनूका गुप्ता ने कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न ऑनलाइन गतिविधियों को 'मेरी पृथ्वी, मेरा पर्यावरण' के विषय के साथ चलाया जाएगा, जिसमें पौधारोपण अभियान व सेल्फी कॉन्टेस्ट शामिल हैं। पृथ्वी व कोविड-19 पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और प्रकृति विषय पर कविता लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। यह गतिविधियां 22 अगस्त तक जारी रहेंगी।

**NEWS CLIPPING: 18.08.2020**

## DAINIK BHASKAR

# प्रकृति व पर्यावरण के प्रति युवाओं में जुड़ाव पैदा करना जरूरीः कुलपति प्रो. दिनेश

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए की जा रही पहल के तहत 'एक सप्ताह राष्ट्र के लिए' अभियान की शुरूआत की। इसका शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कैंपस में पौधा लगाकर किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के साथ विद्यार्थियों में जुड़ाव पैदा करने के लिए नियमित अंतराल पर ऐसी गतिविधियों की आवश्यकता है ताकि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन के हिस्से के रूप में लेते हुए जीवन शैली में बदलाव लाएं। पर्यावरण विज्ञान की अध्यक्ष डॉ. रेनूका गुप्ता ने कहा कि अभियान के तहत पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से गतिविधियों की योजना बनाई गई है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 18.08.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# क्लाउड कंप्यूटिंग पर ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** क्लाउड कंप्यूटिंग अवधारणाओं की समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने एक सप्ताह के ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम कंप्यूटर इंजीनियरिंग व कंप्यूटर एप्लिकेशन विभागों की तरफ से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रफेसर मनोज सिंह गौड़ ने किया। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सपना गंभीर व डॉ. पारुल तोमर कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत इंफोमेटिक्स व कंप्यूटिंग के डीन संकाय प्रो. कोमल कुमार भाटिया के स्वागत संबोधन से हुई। कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. मंजीत सिंह ने प्रतिभागियों के लिए सिलेबस के महत्व पर प्रकाश डाला और विभिन्न औद्योगिक विशेषज्ञों ने सिलेबस के दौरान कवर किए जाने वाले विषयों के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया।